कार्यालय जिलाधिकारी /अपीलीय अधिकारी जिला सूचना हापुड़

पत्रांक 18 /एस0टी0–ए0डी0एम0–हापुड़(जनसूचना) दिनॉक: 29 जुलाई, 2021

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
पिलखुवा।

विषयः– सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना का प्रेषण ।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (01) के अन्तर्गत अपीलार्थी श्री बालेश्वर उर्फ आर्य पुत्र श्री रामपाल सिंह निवासी ग्राम रमपुरा, पो0 बनखण्डा, तहसील व जनपद हापुड़ का प्रथम अपीलीय प्रार्थना पत्र बजरिये जनसूचना अधिकारी के पत्रांक 15/जनसूचना दिनांक 29.7.2021 के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। आवेदक द्वारा अपने अपीलीय प्रार्थना पत्र में अंकित किया गया कि उनके द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 21.5.2021 पर सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, परन्तु आवेदक को कोई सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है। आवेदक को सूचना उपलब्ध कराई जाये।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत अपीलीय प्रार्थना पत्र की छाया प्रति मय संलग्नकों सहित संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि अपीलार्थी की प्रथम अपील को सुनने व निस्तारण करने हेतु आप सभी सम्बन्धित अभिलेख जॉच आख्या व शासनादेश सहित दिनांक 12.8.2021 को प्रातः 11:00 बजे मेरे कार्यालय में आवेदक को सही सूचना प्रेषित करते हुये उपस्थित होने का कष्ट करें। जिससे कि अपीलार्थी की अपील का निस्तारण हो सकें।

29/7/21
(जयनाथ यादव)
अपर जिलाधिकारी(वि/रा)
अपीलीय अधिकारी,
हापुड़।

प्रतिलिपिः

श्री बालेश्वर उर्फ आर्य पुत्र श्री रामपाल सिंह निवासी ग्राम रमपुरा, पो0 बनखण्डा, तहसील व जनपद हापुड़ को इस आशय से प्रेषित कि आप द्वारा दायर अपनी प्रथम अपील के निस्तारण के सम्बन्ध में दिनांक 12.8.2021 को प्रातः 11:00 बजे मेरे कार्यालय में उपस्थित होने का कष्ट करें।

29/7/21
अपर जिलाधिकारी(वि/रा)
अपीलीय अधिकारी,
हापुड़।

# आर० टी० आई० एसोशिएशन ऑफ इण्डिया(पंजी.)

द्वारा
प्रचार एवं प्रसारित
निवेदित सूचना पत्र

पत्रांक 473/RTI-AI/21

तत्काल, समयबद्ध, आवश्यक
दिनांक 21/05/21

सेवा मे,
माननीय जनसूचना अधिकारी महोदय
कार्यालय जिला अधिकारी जिला हापुड़

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 की धारा–06(1)ख के अंतर्गत सम्बन्धित अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रतियों के रूप में सूचना प्राप्ति निमित्त आवेदन पत्र निर्धारित प्रार्थना पत्र शुल्क भुगतान हेतु पोस्टल आर्डर संख्या 54F 517949 दस रुपये आपके विभागीय कक्ष में भुगतान योग्य सहित।

महोदय,

अद्योहस्ताक्षरी को उपर्युक्त वर्णित अधिनियम एवं धारा के अन्तर्गत आपके द्वारा आदेशित पत्रों एवं सम्बन्धित अभिलेखों की पूर्ण सुस्पष्ट बिना क्षतिग्रस्त, स्पष्ट पृष्ट पर अधिकृत अधिकारी द्वारा अपने पद नाम, मोहर के साथ तिथि अंकन सहित हस्ताक्षर द्वारा सत्यापित छायाप्रतियों के रूप में निम्नांकित सूचनाओं की आवश्यकता है। कृपया धारा 7(9) के प्राविधानुसार समस्त वांछित सूचनाएं सम्पूर्ण स्वरुप में जिस अवस्था मे चाहा गया है। धारा 7(1) में निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराने का कष्ट करें साथ ही धारा7(3) के अनुसार निमित्त देय (सूचना प्राप्ति शुल्क राशि) की भी जानकारी भुगतान के माध्यम सहित देने का कष्ट करें। यदि वांछित सूचनाओं में से कोई , कुछ किसी, किन्ही अन्य लोक प्राधिकारी(यों) से सम्बन्धित हो तो कृपया धारा6(3) के अनुसार इस प्रार्थना पत्र को पूर्णतया अथवा भागत उस-जन लोक प्राधिकारी(यो) इसकी प्राप्ति के पांच दिवस के अन्दर ही अन्तरित कर उक्त अन्तरण की जानकारी अपने पत्र द्वारा अद्योहस्ताक्षरी को देने का का कष्ट करें। धारा7(1) में निर्धारित समयावधि मे वांछित सूचनाएं सम्पूर्ण स्वरूप में उपलब्ध न कराने पर आपको धारा 7(6) के बाध्यकारी प्राविधान अनुसार बिना किसी भी शुल्क/प्रभार के उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अतः स्दम द्वारा पारित किसी भी आदेश को कारित किये गए कृत्य के विरूद्ध नामित "अपीलिय अधिकारी" के नाम, पद नाम, सम्पूर्ण कार्यालय डाक पता, फोन फक्स, मोबाईल नम्बर, ई-मेल, पते सहित विस्तृत सूचना अनिवार्य रूप से देने का कष्ट करें। प्रशासनिक सुधार विभाग अनुभाग 2 उ0 प्र0 सरकार द्वारा जारी शासन आदेश संख्या 1900143-2-2006-152(2)/03 टी0 सी0-14, लखनऊ 27.11.2006 भारतीय पोस्टल आर्डर दस रुपये, सूचना शुल्क भुगतान हेतु अनुमन्य किया गया है। वांछित सूचनाओं का विवरण निम्नांकित है-

[1] जनपद हापुड़ मे स्थित नगर पालिका परिषद् पिलखुवा मे कार्यरत अधिशासी अधिकारी का प्रथम नियुक्ति दिनांक बताते हुए नियुक्ति कि छायाप्रति कि सूचना दे

[2] उक्त विषय मे बताया जाये प्रथम नियुक्ति से वर्तमान तक वे कहां-कहां कार्यरत रहे व किन-किन पदो पर पदस्त रहे दिनांक व स्थान सहित प्रमाणित सूचना दे

[3] उक्त विषय मे इनके हाईस्कूल से लेकर सभी उच्च अंक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित छायाप्रति दे जिनके आधार पर इन्हे अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया गया स्वयं

[4] उपरोक्त विषय मे बताए नियुक्ति के समय इनके पास कितनी चल अचल संपत्ति थी अब कितनी है बताते हुए प्रति माह मिलने वाले वेतन के प्रमाणित सूचना दे।

[5] उक्त विषय मे बताए विभाग द्वारा इनको नियुक्ति से वर्तमान तक प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है तो उसके निस्तारण की प्रमाणित सूचना देने का कष्ट करें।

[6] उक्त विषय मे बताए नगर पालिका पिलखुवा मे इनके द्वारा किन-किन कार्यो को स्वीकृति दी गई व किस अधिकारी देख रेख मे कार्य कराए गए व कहां-कहां कराए गए दिनांक व स्थान बताते हुए पिलखुवा मे नियुक्ति से वर्तमान तक के कार्यो कि प्रमाणित सूचना दे।

भवदीय
बालेश्वर आर्य आर्ट्ई
कार्यकर्ता